ज्ञाता द्रष्टा भाव

प्रो. (डॉ.) सोहन राज तातेड़

पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय राजस्थान

मानव जीवन की प्राप्ति ईश्वर के प्रति श्रद्धा अच्छी बातों का ग्रहण करना आजगल बहुत दुर्लभ दिखाई दे रहा है। मैं कौन हूं? कहॉ से आया हूँ? सृष्टि को चलाने वाला कौन हे? इन सब बातों को जब सांगोपांग रूप से जान लिया जाता है तो जीवन की समस्या का समाधान मिल जाता है। सृष्टि जड़ और चेतन पदार्थों से बनी है। जड़ कभी चेतन और चेतन कभी जड़ नहीं हो सकता। एक–दूसरे में रूपान्तरण नहीं हो सकता। शरीर जड़ और चेतन का मिश्रित रूप है। जब शरीर अपना कार्य करता है तो उसके पीछे चेतना की शक्ति रहती है। यदि चेतन न रहे तो शरीर निरर्थक हो जायेगा। मन, वचन और काया का कार्य चेतना की प्रेरणा से होता है। आत्मा अरूपी है। अरूपी आत्मा जड़ का संचालन करती है। आत्मा का लक्षण ज्ञाता द्रष्टा भाव है। आत्मा जानने वाला हे इसलिए उसे ज्ञाता कहते हैं। तटस्थ भाव से वह सब कुछ देखता है। कर्म से वह निष्प्रभावी रहता है। जिसने आत्म तत्त्व को जान लिया उसने सम्पूर्ण ब्रहमाण्ड को जान लिया। यह जगत् दो तत्वों से मिलकर बना है– जड़तत्व और चेतनतत्व। जड़तत्व वह है जिसमें पूरण और गलन की क्रिया होती है। दर्शन की भाषा में इसे पुद्गल या भौतिक तत्व कहते हैं। आत्मतत्व वह तत्व है जिसमें हलन–चलन की क्रिया होती है। ये दोनों तत्व शाश्वत हैं। इनके गुण पृथक–पृथक हैं। दोनों को मिश्रण को संसार कहते हैं। शरीर भौतिक तत्वों से बना है। चेतनतत्व इसे संचालित करता है। यदि चेतनतत्व न रहे तो शरीर नष्ट हो जायेगा। आत्मा हर प्राणी में होती है। शरीर के नष्ट होने पर आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में अपने कर्म के अनुसार चली जाती है। जड़तत्व इस ब्रह्माण्ड में रहता है। जब तक कार्मण शरीर का आत्मा से संबंध रहता है तब तक जीव को शरीर धारण करना पड़ता है। जब आत्मा कर्मों से मुक्त होती है तो वह मोक्ष को चली जाती है। संयोग, वियोग, सुख, दुःख चलता रहता है। आत्मसाक्षात्कार के द्वारा आत्मा मुक्त होता है।

इस संसार में अनेक विद्याये हैं। किन्तु आत्मविद्या सबसे बड़ी विद्या है जिसको इस विद्या का ज्ञान हो जाता है, उसके लिए कुछ भी अज्ञात नहीं रहता है। जिसने इस विद्या को जान लिया वह सबकुछ जान लेता है। इसलिए कहा गया है– जे एगं जाणइ ते सव्वं जाणइ अर्थात् जो एक को जान लेता है वह सबको जान लेता है। आत्मा ही एक ऐसा तत्व है जिसको जान लेने के बाद सबकुछ जान लिया जाता है। उपनिषदों में आत्मतत्व का बृहद् रूप से व्याख्यान है। अब प्रश्न उठता है कि आत्मतत्व को जाना कैसे जाये। आत्मतत्व के ज्ञान की अनेक विधियां बताई गयी है। राग–द्वेष रहित होकर आत्मतत्व की प्रेक्षा करने से आत्मतत्व का दर्शन होता है। आत्मा में अनंत ज्ञान अनंत दर्शन और अनंत सुख का स्रोत है। मानव भौतिक सुखों के प्रति आकृष्ट होकर जीवनभर उसी में लिप्त रहता है और इसी को बहुत बड़ा सुख मानता है। किन्तु अंदर सुख भंडार इतना विशाल है कि उसका ज्ञान हो जाने पर उसका स्रोत निरंतर प्रवाहित होता रहता है। मैं कौन हूं ? कहा से आया हूं ? कहा जाऊंगा ? इन तीन प्रश्नों से आत्मसाक्षात्कार प्रारंभ होता है। मानव अपने आत्मा को जानने का कभी प्रयास ही नहीं करता। उसकी दृष्टि बहिर्मुखी होती है। सत्संग के प्रभाव से, शास्त्रों के अध्ययन से और गुरुओं के सान्निध्य से जब मानव का विवेक जागृत होता है तो उसे आत्मतत्व जानने की प्रेरणा मिलती है। संसार का आनंद आत्मतत्व के आनंद का बिंदुमात्र है। आत्मतत्व का आनंद सिंधु के समान है और सांसारिक आनंद बिंदु के समान है। हम बिंदु के आनंद को ही सबकुछ मानकर बैठ जाते है। इसीलिए ऋषि, महर्षि, मुनि जो ब्रह्मलीन रहते है वे संसार को मिथ्या समझते है। वैदान्त दर्शन में ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या का उद्घोष किया गया है। वेदान्त दर्शन के व्याख्याता श्रीमदाद्य भगवान् शंकराचार्य ने आत्मतत्व को सत्य माना और दृश्यमान संसार को मिथ्या। प्राय सभी दर्शनों में आत्मा और जगत् के ऊपर चिंतन हुआ है। कुछ दर्शन दोनों को सत्य मानते है, कुछ दर्शन जगत को प्रातिभाषिक सत्य मानते है। कुछ दर्शन केवल जगत् को ही सत्य मानते है और आत्मा की सत्ता में विश्वास नहीं करते। इस प्रकार भिन्न–भिन्न दर्शनों का भिन्न–भिन्न मत है। किन्तु आत्मतत्व की सत्ता को स्वीकार किये बिना जगत की सत्ता को सिद्ध ही नहीं किया जा सकता।

जो लोग जगत को ही सबकुछ मानते हैं वे कंचन कामिनी के आनंद में ही अपना सबकुछ बिता देते हैं और अमूल्य मानव जीवन को नष्ट कर देते हं। आत्मसाक्षात्कार की यात्रा कंचन कामिनी के त्याग से प्रारंभ होती है। इसको त्यागे बिना आत्मसाक्षात्कार बड़ा ही दुर्लभ है। मानव का जीवन संसार की आपाधापी में लगा रहता है। जब दुनियादारी से मुक्ति मिलती है तभी आत्मसाक्षात्कार होता है। आत्मासाक्षात्कार ही मानव का प्रमुख धर्म है। आत्म शुद्धि साधनं धर्म इस परिभाषा के अनुसार धर्म वह तत्व है जिससे आत्मा शुद्ध होती है। आत्मा मूल रूप से ज्ञानस्वरूप है। वस्तु का स्वभाव ही धर्म कहलाता है। जो इतर चीजें होती हैं वह अधर्म है। जैसे पानी का गुण है शीतलता, अग्नि का धर्म है उष्णता। जब उनके गुण को विकृत किया जाता है तो उनका स्वरूप बदल जाता है। जब वह अपने स्वरूप में रहता है तो वह तत्व धर्म तत्व कहलाता है। धर्म व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ता है। भारत में अनेक धर्म है।